प्रेस-नोट थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद दिनांक- 18.07.2024

थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित अभियुक्तगण बॉवी व कुलदीप को घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी सहित गिरफ्तार किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के द्वारा जनपद में चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन व चैकिंग अभियान, तलास वांछित / वारंटी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के पर्यवेक्षण में मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 0186/2024 धारा 109 भा0न्या0संहिता व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद के वांछित अभि0गण 1. कुलदीप 2. बौबी को मुखविर की सूचना पर न्यू वाईपास NH2 से हलपुरा की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के बरावर से निकले रास्ते पर पेडों की आड़ से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तगण शातिर अपराधी हैं, अभि0 बॉवी का अपराधिक इतिहास है। अभियुक्तों से अवैध असलाह व खोका कारतूस की भी बरामदगी की गयी है। अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण – नगला अनिरूद्ध निवासी जीवन सिंह के लडके भवानी सिंह से अभियुक्तगण कुलदीप व बॉवी उपरोक्त की यारी दोस्ती थी और इस नाते उसके घर आना जाना था, भवानी सिंह की कुछ वर्ष पहले मृत्यु हो जाने के उपरान्त भवानी की पत्नी अर्चना अक्सर अपने पति के दोस्त होने के कारण अभियुक्तगण से बातचीत करती रहती थी अर्चना के ससुर जीवन सिंह को यह सब पसन्द नही था बृद्ध जीवन सिंह को अभि0 कुलदीप व ब्रावी ने अपने व अर्चना के रास्ते से हटाने के लिये दिनांक 15.07.2024 रात्रि में समय करीब 09.30 बजे नये बाईपास से कटे कच्चे रास्ते पर पैदल जाते समय तमंचे से गोली मार दी थी और तमंचे को कच्चे रास्ते में शीशम पेड़ के नीचे छिपा दिया था। घटना की सूचना पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही करते हुए घायल जीवन सिंह को इलाज हेतु आगरा भेज दिया था तथा थाना पुलिस द्वारा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु अथक प्रयास करते हुए दिनाँक 17-07-24 को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोका कारतूस बरामद किया गया है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण – 1- कुलदीप पुत्र राकेश कुमार उम्र करीब 28 वर्ष नि0 चकरपुर लडुपूर थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद हाल पता गली न0 04 सन्तोष नगर मोहन मेडकिल के पास थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

2. बौबी पुत्र राजबहादुर उम्र करीब 27 वर्ष नि0 ग्राम मोहनीपुर थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी विवरण-

1. एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना।

अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त का अपराधिक विवरण –

1. मु0अ0सं0 0186/2024 धारा 109 भा0न्या0संहिता व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।

अभियुक्त बौबी उपरोक्त का अपराधिक इतिहास –

1.मु0अ0सं0 020/2016 धारा 302/394/411 भादवि थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

2.मु0अ0सं0 0072/2016 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

3.मु0अ0सं0 0186/2024 धारा 109 भा0न्या0संहिता व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली थाना मक्खनपुर पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवकुमार चौहान 2.व0उ0नि0 श्री सुनीलचन्द 3.प्र0उ0नि0 श्री रोहित तोमर फिरोजाबाद 4.हे0का0 996 धर्मवीर सिंह 5.का0 32 दीपक कुमार 6.का0 1362 भूपेन्द्र सिंह 7.का0 1011 मनोज कुमार।